Reg. No. : ..................................

Name : ........................................

# FY-805

**IMPROVEMENT / SUPPLEMENTARY EXAMINATION, OCTOBER 2022**

Part – II

**HINDI**

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

*सामान्य निर्देश :*

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**सूचना : 1 से 6 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्ठक से चुनकर लिखें ।** **(6 × 1 = 6)**

1. बीरबल सिंह किस नाट्यरूपांतर का पात्र है ?

   (अनुताप, जुलूस, दुःख)

2. 'चाँद और कवि' किसकी रचना है ?

   (जयशंकर प्रसाद, पवनकरण, रामधारीसिंह दिनकर)

3. कुचले हुए सपनों को सहला रहा है कौन ?

   (असलम, थका युवक, बीरबल सिंह)

4. ‘अनुताप’ किस विधा की रचना है ?

(लघुकथा, कविता, नाटक)

5. ‘आपकी लिपि बहुत सुन्दर दिखती है।’ किसकी लिपि ?

(बूढ़े आदमी की, नौजवान की, बैंक के क्लर्क की)

6. दिलीप ने पत्नी को पूर्ण स्वतंत्रता दी थी। दिलीप की पत्नी कौन थी ?

(हेमा, माया, मोहिनी)

**सूचना : 7 से 10 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें।** **(2 × 2 = 4)**

7. डॉक्टर द्वारा मना करने पर भी असलम रिक्शा चला रहा था। क्यों ?

8. संभ्रांत महिला रेलगाड़ी से बाहर क्या-क्या फेंक रही थी ?

9. ‘जिन्हें कहना नहीं आता
मैं उनमें से एक हूँ।’ – मैं किन-किनका प्रतिनिधि है ?

10. जुलूस नाट्यरूपांतर का नया दारोगा कैसा आदमी है ?

**सूचना : 11 से 15 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें।** **(3 × 4 = 12)**

11. कवितांश पढ़ें और भावार्थ लिखें।

इस पत्थर की बेंच के लिए भी
शुरू हो सकता है किसी दिन
हत्याओं का सिलसिला
इसे उखाड़कर ले जाया
अथवा तोड़ा भी जा सकता है

12. बैंक के क्लर्क का चेहरा आनंद से क्यों खिल उठा ?

13. दोहा पढ़ें और आशय लिखें।

कामी क्रोधी लालची, इनते भक्ति न होय।
भक्ति करै कोइ सूरमा, जाति बरन कुल खोय ।।

14. जीवन–वृत्त पढ़ें और रामधारीसिंह दिनकर के बारे में एक अनुच्छेद लिखें :

| **जीवन–वृत्त** | | |
|---|---|---|
| जन्म | : | 23 सितंबर, 1908 |
| जन्मस्थान | : | सिमरिया, बिहार |
| प्रमुख रचनाएँ | : | कुरुक्षेत्र, उर्वशी, रश्मिरथी |
| पुरस्कार | : | ज्ञानपीठ पुरस्कार |
| मृत्यु | : | 24 अप्रैल, 1974 |

15. ये कथन पढ़ें और इब्राहिम अली के चरित्र पर टिप्पणी लिखें।

- हम दूकानें लूटने या मोटरें तोड़ने न निकले हैं।
- जिस दिन हम इस लक्ष्य पर पहुँच जायेंगे उसी दिन स्वराज्य सूर्य का उदय होगा।

**सूचना : गद्यांश पढ़ें, प्रश्न 16 और 17 के उत्तर लिखें।**

मेरे भाई मुझसे छह साल बड़े थे। आश्चर्य था कि पूरे गाँव में सभी लड़के मुझसे छह वर्ष बड़े थे। मैं इसीलिए सबसे छोटा था और अकेला था। सब खेलते तो उनके पीछे मैं लग जाता। मेरे भाई बचपन से अपाहिज थे। उनके एक पैर को पोलियो हो गया था। लेकिन वे बहुत सुन्दर थे, देवताओं की तरह। वे आसपास के कई गाँवों में सबसे अच्छे तैराक थे और उनको हाथ के पंजों की लड़ाई में कोई हरा नहीं सकता था।

16. बड़ा भाई देखने में कैसा था ? **(2)**

17. खंड का संक्षेपण करें। **(6)**

18. सही मिलान करें। **(8 × 1 = 8)**

| | | |
|---|---|---|
| Cancel | – | सहेजें |
| File | – | मंडलियाँ |
| Input | – | गोपनीयता |
| Circles | – | सामाजिक |
| Privacy | – | साझा करें |
| Social | – | अंतर्पात |
| Save | – | संचिका |
| Share | – | रद्द करें |

**सूचना : कवितांश पढ़ें और 19 से 21 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

अंधकार का जलधि लाँघकर
आवेंगी शशि – किरनें
अंतरिक्ष छिड़केगा कन कन
निशि में मधुर तुहिन को
इस एकांत सृजन में कोई
कुछ बाधा मत डालो
जो कुछ अपने सुंदर से हैं
दे देने दो इनको।

19. ‘समुद्र’ का समानार्थी शब्द कौन सा है ? **(1)**

(जलधि, शशि-किरनें, अंधकार)

20. शशि-किरनें कैसे आवेंगी ? **(1)**

21. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें । **(6)**

**सूचना : 22 से 26 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखें ।** **(3 × 6 = 18)**

22. अंग्रेजी संवाद का हिन्दी में अनुवाद करें ।

Ramesh : Where are you going ?

Suresh : I am going to Play ground.

Ramesh : What will you do there ?

Suresh : My friends are there. We will play football.

Ramesh : May I play with you ?

Suresh : Yes you can.

(Play ground – मैदान)

23. संभ्रांत महिला खिड़की के पास बैठकर कुछ चीज़ें बाहर फेंकती जा रही थी । यह दृश्य देखकर सहयात्री उससे बातें करने लगता है । वह बातचीत तैयार करें ।

- पेड़-पौधों के बीज फेंकना
- सहयात्री का चकित हो जाना
- परोपकार की भावना

24. मिट्टी के तेल की ढिबरी के प्रकाश में देखा वह दृश्य उनकी आँखों के सामने से न हटता था । 'दुख' कहानी की इस घटना के आधार पर दिलीप डायरी लिखता है । वह डायरी लिखें ।

- बच्चे से भेंट
- माँ की परेशानी
- माँ–बेटे का प्यार
- असली दु:ख की पहचान और तुलना

25. 14 नवंबर बाल दिवस है । मान लें, इस अवसर पर आपके स्कूल के हिन्दी क्लब की ओर से विविध कार्यक्रमों का आयोजन होने वाला है । इसके लिए उचित पोस्टर तैयार करें ।

26. 'बाबूजी, असलम नहीं रहा.....' सुनकर यात्री को शॉक–सा लगा । इस घटना के बारे में यात्री अपने मित्र को पत्र लिखता है । वह पत्र तैयार करें ।

- असलम की बीमारी
- असलम की मृत्यु की खबर
- पश्चात्ताप से उत्पन्न अनुताप

**सूचना : 27 से 30 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लिखें ।** **(2 × 8 = 16)**

27. किस एक मनपसंद फिल्म की समीक्षा लिखें ।

- कथासार
- निदेशक की भूमिका
- पटकथा, संवाद, पात्रों का अभिनय
- फिल्म के प्रति अपना दृष्टिकोण

28. नारी उत्पीड़न को रोकने की दिशा में सरकार द्वारा की गई कार्रवाइयों की सूचना पाने के लिए सूरज, सूरज निवास, कन्नूर की ओर से सार्वजनिक सूचना अधिकारी, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के नाम सूचना अधिकार पत्र तैयार करें ।

29. 'मोबाइल फोन' का दुरुपयोग विषय पर लेख लिखें ।

- अनिवार्य चीज़
- अध्ययन में बहुत उपयोगी
- दुरुपयोग से हानि
- जागरण कार्यक्रम

30. एम.जी. कंपनी का नया मॉडल लेप-टॉप बाज़ार में आया है । इसकी बिक्री बढ़ाने के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार करें ।

- आकर्षक रंग
- कम दाम
- आकार में छोटा
- पेन ड्राइव मुफ्त